हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 24 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा से निकलने वाले विभिन्न राजमार्गों पर काम शुरू करने को मंजूरी प्रदान की है । उन्होंने लगभग 12 राजमार्गों के निर्माण के लिए विस्तृत प्रगति रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश भी दिए है।मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल श्री नितिन गडकरी के साथ हरियाणा से संबंधित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के संबंध में आयोजित बैठक के उपरांत पत्रकारों को यह जानकारी दी ।
मुख्यमंत्री ने बताया कि-

उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, फरीदाबाद- जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे पर शहरी क्षेत्र में किमी 0 से 12 किमी. तक एलिवेटेड सेक्शन के निर्माण के लिए आधुनिक डिजाईन तैयार किया जाएगा ताकि आने वाले 25 से 50 सालों तक इस सड़क का उपयोग किया जा सके। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद-जेवर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव में प्रवेश और निकास के लिए रास्ते का निर्माण किया जाएगा जिससे मोहना गांव के पास बैठे ग्रामीणों की मांग पूरी हो जाएगी। नायब सिंह ने बताया कि और जिन सड़कों की **डी ी आर** तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं उनमें दिल्ली के नेल्सन मंडेला मार्ग से एम जी मार्ग और गुरुग्राम के चौराहे और फरीदाबाद मार्ग और डबवाली से पानीपत तक पूर्व-पश्चिम एक्सप्रेसवे, शामिल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूग्राम-फर्रुखनगर-झज्जर सड़क को चौड़ा करने और इसको मजबूत बनाने पर उनकी केन्द्रीय मंत्री के साथ चर्चा हुई है।मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरुग्राम जिले में खेड़की दोला टोल प्लाजा के स्थानांतरण पर भी मंथन हुआ है । इसी तरह, केएमपी और बवाना-सोनीपत हाईवे के जंक्शन पर इंटरचेंज का निर्माण करकेकुंडली- मानेसर-पलवल एक्स्प्रेस वे और दिल्ली के बीच सीधी कनेक्टिविटी देने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में राष्ट्रीय मुख्यमार्ग पर बिलासपुर चौक पर ऊपरगामी पुल के निर्माण कार्य को जल्द ही शुरू कराया जाएगा और यात्रियों की सुविधा के लिए इसकी मरम्मत करा दी गई है।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन जल्द ही कराया जाएगा तथा दिल्ली कटरा एक्सप्रेसवे जो वर्तमान में के एम पी एक्स्प्रेसवे से शुरू हो रहा है, उसे दिल्ली में यू ई आर-2 तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री द्वारा हरियाणा राज्य के अंबाला जिले में साहा बाईपास तक पुराने राष्ट्रीय मुख्यमार्ग -73 और नए राष्ट्रीय मुख्यमार्ग 344 को जोडने की मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके ईलावा लोगों को हिसार के यातायात जाम से निजात दिलाने के लिए रिंग रोड तैयार करने के लिए भी मंजूरी दी गई हैं ।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर जनता की समस्याओं के निवारण के लिए शुरू किए गए समाधान शिविर में दूसरे दिन भी प्रदेश के 22 जिलों में 573 लोग अपनी-अपनी समस्या लेकर समाधान

शिविर में पहुँचे। इनमें से 161 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार स्थानीय निकायों के अधिकारी सुबह नौ से 11 बजे तक समाधान शिविर में जनता की सहायता के लिए मौजूद रहे। मात्र कुछ मिनटों में अपनी समस्या का लाभ पाने वाले लोगों ने मुक्त कंठ से सरकार की इस पहल की प्रशंसा की। यह शिविर अधिकारियों व आमजन के बीच की दूरी को भी कम कर रहे हैं ।

****

केंद्र सरकार ने देश में डायम्मोनियम फास्फेट (डीएपी) उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यात्मक स्थिति से परे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डीएपी पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत कोविड के समय से ही 1 हजार 350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग रखी गई है।विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष 2024 के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा रबी 2024-2025 के लिए कुल बजटीय आवंटन बढ़ाकर 24 हजार 475 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि कई भू-राजनीतिक कारकों से डीएपी की उपलब्धता कुछ हद तक प्रभावित हुई है। हालांकि, इस वर्ष सितंबर से नवंबर की अवधि के दौरान उर्वरक विभाग द्वारा डीएपी की उपलब्धता में वृद्धि के लिए गहन प्रयास किए गए हैं।